# कोर्ट में दी गई अंडरटेकिंग की पालना नहीं करना भी अवमानना की श्रेणी में: हाईकोर्ट

## अगर किरायेदार 15 मई तक दुकान खाली कर लिखित में माफीनामा पेश नहीं करता है तो 16 मई को कोर्ट उसे दंडित करने के लिये सुनवाई करेगी

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाइकोर्ट ने कहा है कि यदि कोई व्यक्ति अदालत में अंडरटेकिंग देता है और बाद में वह काम नहीं करता तो यह भी कोर्ट की अवमानना की श्रेणी में आता है। इसके साथ ही अदालत ने किराए की दुकान खाली करने से जुड़े मामले में कहा कि कोर्ट किराएदार के खिलाफ सजा के बिन्दु पर प्रकरण को 16 मई को सुनेगी, लेकिन यदि वह उससे पहले दुकान खाली कर लिखित में माफीनामा पेश करता है तो उसे स्वीकार किया जा सकता है। अदालत ने कहा कि दुकान खाली करने को लेकर किराएदार रसीद भी पेश करे। जस्टिस सुदेश बंसल ने यह आदेश कृष्णा देवी गोयल व अन्य की अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।


सुनवाई के दौरान अदालत के सामने आया कि किराएदार बाबूलाल मिर्धा ने चांदपोल बाजार स्थित इस दुकान को गत तीस अप्रेल तक खाली करने की अंडरटेकिंग दी थी। जिसके

- **किराएदार के अधिवक्ता व पुत्र ने पेश होकर दुकान खाली करने के लिए और समय मांगा**

आधार पर कोर्ट ने याचिका का निस्तारण कर दिया था। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत को बताया गया कि अंडरटेकिंग के बाद भी किराएदार ने ना तो दुकान खाली की है और ना ही उसका कब्जा सुपुर्द किया है। इस पर अदालत ने एक अधिवक्ता को कोर्ट कमिश्नर नियुक्ति करते हुए मौके की रिपोर्ट मांगी। कोर्ट कमिश्नर ने रिपोर्ट पेश कर कहा कि दुकान पर अभी भी किराएदार का ही कब्जा है। वहीं किराएदार के अधिवक्ता व पुत्र ने पेश होकर दुकान खाली करने के लिए और समय मांगा। इस पर अदालत ने कहा कि यह अदालती अवमानना का सीधा मामला बनता है। कोर्ट किराएदार को दुकान खाली करने के लिए और समय नहीं दे सकती है। किराएदार ने 24 अक्टूबर 2019 को अंडरटेकिंग देकर तीस अप्रेल 2022 तक की मोहलत मांगी थी, लेकिन उसके बाद भी दुकान खाली नहीं की गई। ऐसे में यदि दुकानदार 15 मई, 2022 तक दुकान खाली कर लिखित में माफीनामा पेश नहीं करता है तो 16 मई को कोर्ट उसे दंडित करने के बिन्दु पर सुनेगी।

## संक्षिप्त

### डॉ.अशोक गुप्ता अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करेंगे



**जयपुर।** मिस्त्र की राजधानी कैरो में आगामी 18-21 मई को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करने के लिये जेके लोन अस्पताल के शिशु रोग विभागध्यक्ष डॉक्टर अशोक गुप्ता को आमंत्रित किया गया है । डॉ.अशोक गुप्ता को दुर्लभ बीमारियों के जेनेटिक कारणों एवं उनका उपचार में उपयोग विषय पर व्याख्यान होगा। यह सम्मेलन अंतरराष्ट्रीय सोसायटी ऑफ मेडिकल स्पेशलिटीस, मिस्त्र का राष्ट्रीय पिडियाट्रिक एसोसिएशन व अंतर्राष्ट्रीय ट्रोपीकल संस्था संयुक्त रूप से कर रही है।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर।** कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने 16 साल की लड़की का किडनैप कर उससे दुष्कर्म किया था। पुलिस ने शनिवार सुबह आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेसी भेज दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी वासिव (23) निवासी कुंवरगांव बंदायू उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। 14 अप्रेल को कोतवाली इलाके की रहने वाली 16 साल की लड़की ने मामला दर्ज कराया था। आरोपी वासिव को कॉलोनी में रहने के कारण जानती थी। उससे अक्सर बातचीत होती रहती थी। आरोप था कि वासिव उसको बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। किडनैप कर दो दिन उसे अपने साथ रखा। इस दौरान आरोपी ने उससे दुष्कर्म किया। आरोपी के चुंगल से छुटकर पीड़िता घर पहुंची। परिजनों को अपने साथ हुई दरिंदगी के बारे में बताया। परिजनों के साथ थाने पहुंचकर पीड़िता ने मामला दर्ज कराया। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल करवाया। मामला दर्ज होने का पता चलते ही आरोपी फरार हो गया। पिछले एक महीने से फरार आरोपी को मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार शाम कोतवाली इलाके में दबिश देकर पुलिस टीम ने पकड़ा है।

### 'प्राथमिक स्तर पर हो हृदय और श्वसन रोगों की पहचान'

**जयपुर।** आरएचएल हार्ट लंग अपडेट राजस्थान अस्पताल, जयपुर में शनिवार को शुरू हुई दो दिवसीय बोनान्जा में हृदय और फेफड़ा रोगों की पहचान और इनके प्राथमिक स्तर पर प्रभावी उपचार पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में सौ से अधिक डॉक्टरों ने भाग लिया। सम्मेलन में पहले दिन कार्यशाला में चिकित्सकों को कार्डियो-श्वसन रोगों का आकलन करने के लिए इकोकार्डियोग्राफी, स्पिरोमेट्री और अन्य सामान्य उपकरणों के लिए व्यावहारिक कौशल की जानकारी दी गई। आरएचएल के हार्ट सेंटर के निदेशक डॉ.रविंदर सिंह राव ने कहा कि हार्ट फैल्योर की स्थिति में समय पर और सही इलाज मरीज के जीवन को बचा सकता है। इससे हृदय का कार्य सुचारु बना रहता है जिससे हृदय के कामकाज पर दीर्घकालिक प्रभाव नहीं पड़ता है।

### मॉडर्न ड्रग सहित एक तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर,(कासं)।** अजमेर से मॉडर्न ड्रग मंगवाकर जयपुर में बेचने की फ़िराक में घूम रहे एक तस्कर को डीएसटी नॉर्थ ने जालूपुरा पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया है। आरोपित के कब्जे से 1.87 ग्राम मॉडर्न ड्रग जब्त की गई है। फ़िलहाल उसे पूछताछ की जा रही है। डीसीपी नॉर्थ परिस देशमुख ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित धर्मेश शर्मा उर्फ़ गुड्डू (24) डी-127, सेक्टर-8, पुराना विद्याधर नगर का रहने वाला है। उसे मुखबिर की सूचना पर जालूपुरा इलाके में दरबार स्कूल के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया है। इसके पास मिली 1.87 ग्राम मॉडर्न ड्रग अजमेर से मंगवाना कबूला है। नेटवर्क को लेकर पूछताछ की जा रही है।

## कानोता में किए जा रहे अवैध खनन को रूकवाया

**जयपुर, (का.सं.)।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा रविवार को कार्रवाई करते हुए जोन 14 में अवैध रूप से कृषि भूमि का बिना भू रूपांतरण किए गए अवैध निर्माणो एवं जोन 13 में किए जा रहे अवैध खनन को रूकवाया गया।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि जोन -13 क्षेत्राधिकार में पुलिस थाना कानोता क्षेत्र में ग्राम - घाटा, हरध्यानपुरा, दयारामपुरा, खोखावाला, हरडी, कुथाड़ा इत्यादि की पहाड़ियों से अवैध खनन की शिकायतों के संदर्भ में जोन-13 के राजस्व टीम के साथ आकस्मिक निरीक्षण किया गया, मौके पर वाहन, मशीनरी इत्यादि व खननकर्ता नही मिले ; लेकिन मौक़े पर खनन के उपयोग में लिए जाने वाले मिले रस्से,सबल,पंजी, फावड़े, पराती इत्यादि सामग्री को जप्त किया गया तथा खनन क्षेत्र में खनन संपर्क रास्तों पर जेसीबी की सहायता से जगह-जगह गहरे गड्ढे किए जाकर खनन में प्रयुक्त रास्तों को बाधित किया गया।

जोन -14 क्षेत्राधिकार में वाटिका में ग्राम श्योसिंहपुरा उर्फ कल्लावाला में बस स्टैण्ड के पास खसरा नम्बर 411व 414 में विगत दिवसों में रातों रात मौका पाकर कृषि भूमि पर बिना भू रूपांतरण करवाये जविप्रा की बिना अनुमति व स्वीकृति के करीब 100 बाई 30 व इसी के सामने 40 बाई 30 में अवैध रूप से नींव खोदकर बनायी जा रही व्यावसायिक निर्माण-दुकानों, कमरे व अन्य अवैध निर्माण की सुचना प्राप्त होते ही अविलम्ब नव निर्माणाधीन व्यावसायिक निर्माण-दुकानों के ढांचेनुमा स्ट्रेक्चर,भरे जा रहे पिल्लर, बाउंड्रीवाल व एक कमरे को प्रारम्भिक स्तर पर ही पूर्ण ध्वस्तीकरण सुनिश्चित किया गया।

जोन -10 क्षेत्राधिकार इकोलॉजिकल क्षेत्र में सीबीआई फाटक के पास विगत दिवसों में रातों रात मौका पाकर कृषि भूमि पर बिना भू रूपांतरण करवाये जविप्रा की बिना अनुमति व स्वीकृति के करीब 40 बाई 30 में द्रुतगति से बनाये जा रहे अवैध व्यावसायिक निर्माण-दुकान, बाउंड्रीवॉल अन्य अवैध निर्माण के अवधान में आते ही अविलम्ब आज उक्त नव निर्माणाधीन 2 अवैध व्यावसायिक निर्माण-दुकानों के ढांचेनुमा स्ट्रेक्चर, भरे जा रहे पिल्लर, बाउंड्रीवाल इत्यादि का प्रारम्भिक स्तर पर ही पूर्ण ध्वस्तीकरण सुनिश्चित किया गया।

## प्रदेश में ऐसा 'इन्वैस्टमैंट फ्रैंडली' माहौल बनाया जाए कि हर उद्यमी निवेश को उत्सुक हो: सी.एस.

**जयपुर, (का.सं.)।** मुख्य सचिव उषा शर्मा ने कहा कि आगामी 7-8 अक्टूबर को होने वाले 'इन्वेस्ट राजस्थान समिट-2022' के लिए प्रदेश स्तर पर इस तरह का इन्वेस्टमेंट फ्रेंडली माहौल बनाया जाए कि देश का हर उद्यमी राजस्थान में निवेश करने के लिए उत्सुक रहे।

शर्मा शनिवार को शासन सचिवालय में समिट के लिए की जा रही तैयारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा कर रही थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की समृद्धि के लिए अधिक से अधिक निवेश होना जरूरी है। उन्होंने सभी जिला कलेक्टरों से स्थानीय क्षेत्रों पर हुए एमओयू और एलओआई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा एमओयू धरातल पर उतरे जिला स्तर पर इसके लिए अधिक से अधिक प्रयास होने चाहिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि 'इन्वेस्ट राजस्थान' की थीम 'कमिटेड, डिलिवर्ड' रखी गई है। हम ना केवल उद्यमियों के साथ बेहतर उद्योगों के लिए वादा करेंगे बल्कि उन्हें धरातल पर भी उतारेंगे। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर उद्योगों की स्थापना के लिए बेहतर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने जिला कलेक्टरों को स्थानीय उद्यमियों से मिलकर आने वाली सभी समस्याओं के निस्तारण के भी निर्देश दिए।

इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव उद्योग वीनू गुप्ता ने सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश देते हुए कहा कि वे स्थानीय इन्वेस्टर्स को वीसी के माध्यम से या व्यक्तिगत बुलाकर चर्चा करें। उन्होंने कहा की स्थानीय स्तर पर होने वाले निवेश से स्थानीय रोजगार की संभावना अधिक बढ़ जाती है। इस दौरान रिको प्रबंधक अर्चना सिंह, बीआईपी आयुक्त इंद्रजीत सिंह, उद्योग आयुक्त महेंद्र कुमार पारख समेत संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बैनाड़ा में 51 जोड़ों के साथ होगा सामूहिक विवाह सम्मेलन

**जयपुर।** अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा की ओर से बस्सी तहसील के सिद्धपीठ बैनाडा धाम में 16 मई पीपल पूर्णिमा को सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन होगा।

इसको लेकर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरदीचंद शर्मा बम्बाला ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि समाज में फैली कुरीतियों, फिजूलखर्ची पर रोक लगाने एवं शादियों में व्यर्थ के खर्चे पर लगाम लग सके, इसीलिए सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है और इस तरह के आयोजन एवं कार्यक्रमो से जरूरतमंद लोगों को फायदा मिल सके। इसके लिए महासभा की ओर से आगे भी इसी तरह के अन्य कार्यक्रमो का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज के 51 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे।



जयपुर के झोटवाड़ा में अग्रवालों का मौहल्ला निवासी रामपाल पारीक ने पट्टे के लिये आवेदन किया था। पारीक अत्यधिक बीमार होने के कारण पट्टा लेने कार्यालय उपस्थित नहीं हो सके। जब यह बात प्रेक्षक रिटायर्ड आईएएस श्याम सिंह राजपुरोहित को मालूम पड़ी तो राजपुरोहित ने विद्याधर नगर जोन उपायुक्त करणी सिंह, क्षेत्रीय पार्षद लादूराम दुलारिया, राजस्व अधिकारी परमवीर दुलार व वरिष्ठ सहायक अब्दुल खालिक के साथ प्रशासन शहरों के संग अभियान में पारीक के घर जारकर पट्टा दिया।

## सांगानेर में फर्नीचर और कपड़ा के गोदाम में आग लगी

- **आग से लाखों का माल जला, 4 दमकलों की मदद से पाया काबू**
- **घटना के दौरान एक व्यक्ति बेहोश हुआ, 12 लोगों ने बाहर भाग कर अपनी जान बचाई**

**जयपुर।** राजधानी के सांगानेर इलाके में फर्नीचर और कपड़ा गोदाम में शनिवार दोपहर भीषण आग लग गई। थाना पुलिस ने चार दमकलों की मदद से आग पर काबू पाया। दोनों गोदामों में आग से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। पुलिस प्रथमदृष्टया आग शॉर्ट सर्किट से लगना मान रही है।

फायर विग्रेड के अनुसार बताया कि सांगानेर थाने के पास स्थित फर्नीचर और कपड़ा गोदाम में दोपहर करीब पौने दो बजे आग लग गई थी। ग्राउंड फ्लोर पर कपड़ा और फर्स्ट फ्लोर पर फर्नीचर गोदाम है। कपड़ा व फर्नीचर गोदाम में मौजूद कर्मचारियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। देखते ही देखते आग ने फर्नीचर गोदाम के साथ कपड़ा गोदाम को भी अपनी चपेट में ले लिया।

दोनों गोदाम में लगी भीषण आग को देखकर मौजूद करीब 12 कर्मचारियों ने बाहर की ओर भागकर अपनी जान बचाई। दोनों गोदाम में लगी भीषण आग में एक कर्मचारी बेहोश हो गया था, जिसे साथी कर्मचारियों ने उठाकर बाहर निकाला।

सूचना पर पुलिस और फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची। फायर बिग्रेड की टीम ने 4 दमकलों की मदद से करीब आधे घंटे में आग पर काबू पाया। आग से दोनों गोदामों में लाखों रुपए का नुकसान हो गया। पुलिस प्रथमदृष्टया आग शॉर्ट सर्किट से लगना मान रही है। पुलिस का कहना है कि आग से गोदामों में कितने रुपए का नुकसान हुआ है, रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा।

## सोडाला एलिवेटेड रोड का कार्य 31 मई तक पूरा करने के निर्देश

**जयपुर, (का.सं.)।** जयपुर विकास आयुक्त रवि जैन 14 मई, को प्रात: सोडाला एलिवेटेड रोड के निर्माण कार्यों का दौरा कर प्रोजेक्ट को नियत समय में पूर्ण करने के लिए अभियांत्रिकी शाखा एवं निर्माणकर्ता एजेंसी को आवश्यक निर्देश दिए।

दौरे में जेडीसी ने सिविल लाइन सर्किल पर शनिवार- रविवार को ट्रैफिक डायवर्जन स्वीकृति के अंतर्गत सोडाला एलिवेटेड रोड के सबसे बड़े स्पान पर अंडरस्लंग से लांच किए जा रहे सेगमेंट कार्य को देखा।

इसके साथ ही उन्होंने रेलवे स्पान वाले हिस्से के पास ओवर हेड लॉन्चिंग स्पान पर चल रहे कार्यों को भी देखा। जेडीसी रवि जैन ने इसके अतिरिक्त सोडाला एलिवेटेड रोड के चल रहें अन्य कार्यों का अवलोकन किया एवं एलिवेटेड रोड कार्य को 31 मई, तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।



जयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त रवि जैन ने शनिवार को सोडाला एलिवेटेड रोड का दौरा किया।

जेडीसी ने इस महत्वपूर्ण एलिवेटेड रोड पर सौंदर्यीकरण के तहत फसाड लाईटिंग के करवाएं जाने वाले कार्य की समीक्षा भी की। उन्होंने कार्य के मौका निरीक्षण के दौरान अंबेडकर सर्किल से बाईस गोदाम के वर्तमान पुल से होते हुए सोडाला तक की महत्वपूर्ण सड़क पर यातायात संचालन के सुधार हेतु भी आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। दौरे के दौरान जेडीए व निर्माणकर्ता एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## हरमाड़ा में दो जैन मंदिर में चोरी

**जयपुर।** राजधानी के हरमाड़ा इलाके में राजावास स्थित दो जैन मंदिर में गुरुवार रात चोरों ने वारदात की। मंदिर में घुसे चोर चांदी के 10 छत्र चोरी कर ले गए। शुक्रवार सुबह जैन मंदिर में चोरी का पता चलने पर आक्रोश व्याप्त हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि राजावास हरमाड़ा निवासी बुलगानिम जैन (66) ने मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया कि हरमाड़ा के गांव राजावास में दो जैन मंदिर है। गुरुवार रात को दोनों मंदिरों को चोरों ने निशाना बनाया। मंदिर के ताले तोड़कर चोर अंदर घुसे। दोनों मंदिरों से चांदी के 10 छत्र चोरी कर ले गए। शुक्रवार सुबह 7 बजे मंदिर पहुंचने पर छत्र गायब मिले।

दोनों मंदिरों से छत्र चोरों का पता चलने पर स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। काफी संख्या में लोग मंदिरों के बाहर इकट्ठा होकर विरोध करने लगे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके से सबूत जुटाए। चोरों को जल्द पकड़ने का आश्वासन देकर मामले को शांत करवाया। पुलिस वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगालने के साथ चोरों की तलाश कर रही है।

## सार-समाचार

### जेकेके में दर्शकों ने नाटक बनफूल की बत्ती गुल का आनंद उठाया



**जयपुर।** जवाहर कला केंद्र (जेकेके) की सहभागिता में पीपुल्स मीडिया थियेटर द्वारा रंगायन में शनिवार शाम को हास्य और व्यंग्य से भरे नाटक बनफूल की बत्ती गुल का मंचन किया गया। मुम्बई के अनुरोध शर्मा द्वारा लिखित इस नाटक का निर्देशन अशोक राही ने किया। युवा लेखक अनुरोध शर्मा का यह नाटक समकालीन राजनीति और समाज के गिरते मूल्यों पर तंज कसता है। जोरदार संवाद, मनोरंजक घटनाक्रम और इंसानी लालच के ताने- बाने से बुने इस नाटक में युवा कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। नाटक में दिखाया गया कि बनफूल सरकार किसी प्रदेश के शिक्षा मंत्री हैं। वे अपने फॉर्म हाउस पर अपने साले के साथ छुट्टियां बिताने आते हैं। लेकिन वहां एक भ्रष्ट शिक्षा का व्यापारी कालानी, सरकार गिराने को आतुर विरोधी दल का नेता चाणक्य, मंत्री का बाहुबली अजगर और टिकिट पाने को आतुर राजेश्वरी भी आ जाती है। वह दिन बनफूल की जिंदगी का आखिरी दिन होता है। तो वहीं उसकी आत्मा को स्वर्ग ले जाने के लिए यमदूत भी आ जाते हैं। वह गुस्से में सब की आत्माएं बदलकर धमाल मचा देता है। इसके बाद नाटक में जो घटनाक्रम चलता है उससे दर्शक हंसते-हंसते लोट पोट हो जाते हैं।

### पूर्णिमा और शिशिर गोयल सम्मानित



**जयपुर।** जयपुर के पूर्णिमा और शिशिर गोयल को अंतर्राष्ट्रीय सम्मान समारोह इंटरनेशनल आइकॉन अवार्ड्स में सम्मानित किया गया। हाल ही में दिल्ली के होटल रैडिसन ब्लू में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में बॉलीवुड अदाकारा लारा दत्ता द्वारा शहर के सिल्वेरिन सैलून को बेस्ट सैलून एंड स्पा अकादमी के सम्मान से नवाज़ा गया। इस दौरान ये सम्मान सैलून की ओनर पूर्णिमा गोयल और प्रमोटर शिशिर गोयल को प्रदान किया गया।

### जवाहरनगर थाने से बाल अपचारी भागा

**जयपुर।** राजधानी के जवाहर नगर थाने से पुलिस कांस्टेबल को धक्का देकर एक बालअपचारी भाग निकला। वाहन चोरी के मामले में उसको अनुसंधान के लिए जवाहर नगर थाने लाया गया था। पुलिस टीमें फरार बालअपचारी की तलाश में जुटी है। जवाहर नगर थाने के हेड कॉनस्टेबल मनोज कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। 11 मई को नाहरगढ़ थाना पुलिस चोरी के मामले में आरोपी मनोज स्वामी और बालअपचारी को पकड़ा था। पूछताछ में नाहरगढ़ थाना पुलिस को बालअपचारी ने जवाहर नगर में वाहन चोरी करना स्वीकार किया था। इसके बाद बालअपचारी को किशोर गृह भेज दिया। नाहरगढ़ थाना पुलिस ने जवाहर नगर थाना पुलिस को इस संबंध में जानकारी दी। हेड कॉन्स्टेबल मनोज कुमार किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश कर बालअपचारी को अनुसंधान के लिए लेकर आए। पूछताछ के बाद वापस किशोर गृह छोड़ना था। जवाहर नगर थाने के बाहर कांस्टेबल कालूराम बालअपचारी को लेकर खड़ा था। हेड कांस्टेबल मनोज थाने में डॉक्यूमेंट साइन करवाने चला गया। इसी दौरान मौका पाकर कांस्टेबल कालूराम को धक्का मारकर बालअपचारी भाग निकला। कांस्टेबल ने उसका पीछा भी किया, लेकिन वह तेजी से गलियों में ओंझल हो गया। फरार बालअपचारी जयसिंहपुरा खोर का रहने वाला है। जिसकी तलाश में पुलिस टीमें लगी हुई है।

### तरबूज नहीं लिया तो मारपीट की

**जयपुर।** राजधानी के मुरलीपुरा में तरबूज खरीदने की बात पर दुकानदार और उसके साथियों ने एक ग्राहक पर हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिसवालों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने पर्चा बयान के आधार अब मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच मुरलीपुरा पुलिस कर रही है। पुलिस ने बताया कि झोटवाड़ा निवासी साठ वर्षीय मानसिंह अपनी ड्यूटी खत्म कर मुरलीपुरा क्षेत्र में स्थित डेयरी के पास से गुजर रहे थे। दो सौ फीट बाईपास पर तरबूज का ठेला लगा हुआ था। वहां दाम पूछे और उसके बाद तरबूज लेने की कोशिश की। मानसिंह ने पुलिस को बताया कि उन्होंने तीन तरबूज कटवाए लेकिन तीनों ही अंदर से कच्चे निकले। इस कारण उन्होंने तरबूज नहीं लिए। इस बात पर तरबूज वाले से विवाद हो गया। बिना माल खरीदे जाने लगा तो तरबूज वाले ने गंदी गालियां दी। इस बात पर विवाद हुआ तो तरबूज वाले और उसके दो साथियों ने बुरी तरह से पीटा। पुलिस ने बताया कि सिर, हाथों की अंगुलियां, जांघ, घुटने, कमरे में चोटें लगी हैं। कांवटिया अस्पताल में इलाज किया गया है। पुलिस ने बताया कि सिर, हाथों की अंगुलियां, जांघ, घुटने, कमरे में चोटें लगी हैं। कांवटिया अस्पताल में इलाज किया गया है।

### फर्जी आर्म्स लाईसेंस में 4 गिरफ्तार

**जयपुर,(कासं)।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने फर्जी आर्म्स लाईसेंस प्रकरण में चार लोगों को शनिवार को गिरफ्तार किया है। चारों आरोपियों के कब्जे से नागालैण्ड से बनवाए फर्जी आर्म्स लाईसेंस भी जब्त कर लिए गए है। प्रकरण में अब तक 7 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। एडीजी एसओजी व एटीएस अशोक राठौड़ ने बताया कि फर्जी आर्म्स लाईसेंस प्रकरण में आरोपी कमल किशोर भाटी (38) निवासी वार्ड नंबर-66 कोटगेट बीकानेर, नवल सिंह (35) निवासी वार्ड नंबर-3 सर्वोदय बस्ती नया शहर बीकानेर, जुगल सिंह (40) निवासी सर्वोदय बस्ती नया शहर बीकानेर और बृजेन्द्र सिंह शेखावत (39) निवासी रामपुरा बेरी हमीरवाल चूरू हाल वार्ड नंबर-3 सर्वोदय बस्ती नया शहर बीकानेर को गिरफ्तार किया है। सुखेर उदयपुर में साल 2017 में फर्जी आर्म्स लाईसेंस का प्रकरण दर्ज हुआ था। एसओजी ने जांच करते हुए चारों आरोपियों को बीकानेर से पकड़ा है। चारों आरोपियों के आर्म्स लाईसेंस फर्जी थे, जिन्हें जब्त किया गया है। आरोपियों ने नागालैण्ड राज्य से फर्जी आर्म्स लाईसेंस जारी करवाकर हथियार खरीद किए थे। नागालैण्ड राज्य से फर्जी आर्म्स लाईसेंस प्रकरण में अब तक 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण का अनुसंधान किया जा रहा है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर,(कासं)।** राजधानी की माणक चौक थाना पुलिस से एक महिला से नौकरी के नाम पर लाखों रुपए की ठगी और दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। डीसीपी नोर्थ परिस देशमुख ने बताया कि पुलिस ने मामले में हिमांशु शर्मा निवासी फिल्लोर नूर महल जिला जालंधर पंजाब को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज में खुद को डॉक्टर बताकर इंडियन फॉरेस्ट सर्विस में नौकरी ज्वाइन कराने का पीड़ता को झांसा दिया। इसके बाद फर्जी ज्वाइनिंग लेटर भेजकर धोखाधड़ी कर पांच लाख रुपये ऐठ लिए। दौरान उसने महिला से कई बार दुष्कर्म भी किया। आरोपी के कब्जे से सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज जयपुर का फर्जी आई कार्ड बरामद किया गया। होटल रिकॉर्ड में भी आरोपी अपने आप को डॉ हिमांशु शर्मा लिखाया है। पूछताछ में उसने अन्य लोगों को भी अपने आप को डॉक्टर बताकर ठगी करना बताया है।